हाल पूछने आई भवानी अपनी अपनी कह डालो

हाल पूछने आई भवानी अपनी अपनी कह डालो,
हाल पूछने आई भवानी अपनी अपनी कह डालो,
जीवन की दुख भरी कहानी,
जीवन की दुख भरी कहानी अपनी अपनी कह डालो,
हाल पूछने आई भवानी अपनी अपनी कह डालो.....

मन की सारी बात बता दो मैया से शर्माना कैसा,
शेरांवाली रूप वैध का उससे रोग छिपाना कैसा,
माँ के घर मे है प्रीत निभानी अपनी अपनी कह डालो,
हाल पूछने आई भवानी अपनी अपनी कह डालो,
हाल पूछने आई भवानी अपनी अपनी कह डालो.....

फल भी देती धन भी देती भक्तो को दर्शन भी देती,
भक्तो की वो हर ईक पीड़ा खुशीयों के वो क्षण भी देती,
घर मे खुशहाली है लानी अपनी अपनी कह डालो,
हाल पूछने आई भवानी अपनी अपनी कह डालो,
हाल पूछने आई भवानी अपनी अपनी कह डालो.....

जो चाहे वो मिल जायेगा मैया का दिल बहुत बड़ा है,
भाग्य विधाता भी माँ के दर झोली को फैलाके खड़ा है,
कोई नही मैया सा दानी अपनी अपनी कह डालो,
हाल पूछने आई भवानी अपनी अपनी कह डालो,
हाल पूछने आई भवानी अपनी अपनी कह डालो.....

चचंल ने मांगा मैया से तुम भी मांग के देख लो,
हमने शुक्र मनाया माँ का तुम भी मना के देख लो,
दूर करो अपनी परेशानी अपनी अपनी कह डालो,
हाल पूछने आई भवानी अपनी अपनी कह डालो,
हाल पूछने आई भवानी अपनी अपनी कह डालो.....

हाल पूछने आई भवानी अपनी अपनी कह डालो,
हाल पूछने आई भवानी अपनी अपनी कह डालो,
जीवन की दुख भरी कहानी,
जीवन की दुख भरी कहानी अपनी अपनी कह डालो......

https://alltvads.com/bhajan/lyrics/id/29399/title/haal-puchne-aayi-bhawani-apni-apni-keh-dalo

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |